न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारीः–डॉ0 अरूण गर्ग
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्याः– 554 / 2025

श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, राजकीय अस्पताल के पास, डॉ0 पाराशर के पीछे, कुचामन सिटी, पिन कोड 341508

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं।

—

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील

—

आदेश

दिनांक 12.01.2026

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 24.12.2025 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 554 / 2025 पर दिनांक 24.12.2025 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक / 2025 / 5489–5490 दिनांक 24.12.2025 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16(4)(5)न्याय / सू0अ0 / 2025 / 4 दिनांक 09.01.2026 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, राजकीय अस्पताल के पास, डॉ0 पाराशर के पीछे, कुचामन सिटी का आवेदन पत्र इस कार्यालय मे प्राप्त हुआ है। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16(4)(5) न्याय / सू0अ0 / 2025 / 359 दिनांक 21.11.2025 के द्वारा प्रभारी अधिकारी, स्थापना अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाये जाने हेतु पत्र लिखा गया है। उक्त कम मे प्रभारी अधिकारी, स्थापना अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं के पत्र कमांक 1259 दिनांक 16.12.2025 के द्वारा अपीलार्थी को सूचित कर कार्यालय दिवस मे किसी भी कार्य दिवस को उपस्थित होकर वांछित सूचना के संबंध मे कार्यालय रिकार्ड का अवलोकन कर संबंधित रिकार्ड की निर्धारित फीस जमा करवाकर वांछित सूचना प्राप्त कर सकते है। अतः अपीलार्थी का प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारीज किये जाने की कृपा करे।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।
6. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16(4)(5)न्याय / सू0अ0 / 2025 / 4 दिनांक 09.01.2026 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, राजकीय अस्पताल के पास, डॉ0 पाराशर के पीछे, कुचामन सिटी का आवेदन पत्र उनके कार्यालय मे प्राप्त हुआ है। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे उनके कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16(4)(5) न्याय / सू0अ0 / 2025 / 359 दिनांक 21.11.2025 के द्वारा प्रभारी अधिकारी, स्थापना अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाये जाने हेतु पत्र लिखा गया है। उक्त कम मे प्रभारी अधिकारी, स्थापना अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं के पत्र कमांक 1259 दिनांक 16.12.2025 के द्वारा अपीलार्थी को सूचित कर कार्यालय दिवस मे किसी भी कार्य दिवस को उपस्थित होकर वांछित सूचना के संबंध मे कार्यालय रिकार्ड का अवलोकन कर संबंधित रिकार्ड की निर्धारित फीस जमा करवाकर वांछित सूचना प्राप्त कर सकते है। चूंकि अपीलार्थी को सूचित कर दिया गया है कि वे किसी भी कार्यालय दिवस मे कार्यालय मे उपस्थित होकर वांछित सूचना के संबंध मे कार्यालय रिकार्ड का अवलोकन कर संबंधित रिकार्ड की निर्धारित फीस जमा करवाकर वांछित सूचना प्राप्त कर सकते है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य नहीं होने से खारीज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 12.01.2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ0 अरूण गर्ग)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं

Scanned with CamScanner